संदेश

ईद-उल-फित्र के मुबारक मौके पर, मैं सभी देशवासियों और विदेश में रहने वाले भारतीयों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

ईद-उल-फित्र, रमजान के पवित्र महीने के दौरान रोजे रखने और इबादत करने के बाद मनाया जाता है। यह त्योहार भाईचारे, सहयोग और सौहार्द की भावना को मजबूत बनाता है। मेल-जोल की भावना से ओत-प्रोत यह त्योहार हम सभी को सौहार्दपूर्ण, शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है। यह त्योहार हमें सहानुभूति, करुणा और दान की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।

मैं कामना करती हूं कि यह पर्व सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करे।

****